दिन– गुरूवार  दिनांक– 23/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।  अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रेल पटरियों के आधुनिकीकरण से एक तेज़ और अधिक भरोसेमंद नेटवर्क बन रहा है। एक अंग्रेजी दैनिक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखित लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पटरियों के नवीनीकरण, उन्नत परीक्षण और मशीनीकृत रखरखाव से यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और गति में वृद्धि सुनिश्चित हुई है।

————————————————————

तमिलनाडु की सभी दो सौ चौंतीस विधानसभा सीटों और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक सौ बावन सीटों पर आज मतदान जारी है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल से सटे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। किशनगंज, अररिया और कटिहार जिले में सुरक्षा चौकी बनाकर आने–जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही वाहनों की आवाजाही की निगरानी भी की जा रही है।

————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि कल विधानसभा में बड़ी आसानी से सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को सदन में भारी बहुमत हासिल है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जदयू के शीर्ष नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आर्शीवाद और मार्गदर्शन प्राप्त है।

————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, जमुई और वैशाली समेत राज्य के इक्कीस जिलों में लू की स्थिति बनी हुई है। प्रचंड गर्मी के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हो गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अभी गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है। विभाग

ने अगले दो से तीन दिन के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर का डुमरांव प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज अठारह सौ सत्तावन के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को उनके विजयोत्सव पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। बाबू वीर कुंवर सिंह के जगदीशपुर किला और आरा के वीर कुंवर सिंह पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया। पटना के वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बाबू साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

———————————————————————————

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा दो हजार छब्बीस का दूसरा चरण पंद्रह मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वे इसे दे सकते हैं। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

———————————————————————————

गोपालगंज के आम्बेडकर भवन में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

———————————————————————————

सारण जिला मुख्यालय, छपरा में आगामी नौ मेई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। लोगों को इस अदालत के बारे में बताया जा रहा है।

———————————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जिले में चल रही जनगणना के तहत स्व–गणना प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्य और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

———————————————————————————————

रोहतास जिले के धौड़ाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ पर मधुबन के पास एक कंटेनर और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में कंटेनर के चालक की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।